**CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS**

**PRESS RELEASE**

**General Manager, CLW inspects various shops**

Chittaranjan, 04-01-2023: Shri Satish Kumar Kashyup, General Manager/Chittaranjan Locomotive Works (CLW) visited various shops namely, Electric Loco Assembly,Traction Motor, Electric Loco Fabrication ,Electric Loco Bogie & Wheel Shops, on 04.01.2023. He inspected & reviewed various measures taken by shops to improve the quality of manufacturing. Principal Heads of Deptts.,Sr.Officers accompanied Shri Kashyup during the visit. Shri Kashyup also interacted with Sr.Officers, supervisors,staff of concerned shops & advised for improvement in quality, house keeping, expediting scrap disposal etc.

To

The News Editor

--------------------

Issued by the Public Relations Deptt.CLW Chittaranjan,

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**चिरेका महाप्रबंधक ने किया कारखाना का निरीक्षण**

चित्तरंजन,04.01.2023:-श्री सतीश कुमार कश्यप, महाप्रबंधक/चिरेका ने आज 04 जनवरी 2023 को चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) के विभिन्न शॉपों का परिभ्रमण और निरीक्षण किया।श्री कश्यप ने इस दौरान इलेक्ट्रिक लोको असेंबली,ट्रेक्शन मोटर्स, इलेक्ट्रिक लोको फेब्रिकेशन, इलेक्ट्रिक लोको बोगी और मनुफैक्चरिंग शॉप सहित अन्य स्थलों का जायजा लिया।उन्होंने संबधित शॉप के अधिकारी एवं कर्मचारियों से बातचीत भी की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने गुणवत्ता में सुधार,हाउस कीपिंग,स्क्रेप निपटान और स्वच्छता क्रियाकलाप आदि में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही उत्पादन गति क्षमता को निरंतर बनाए रखने का अपील किया। इस मौके पर प्रमुख विभाग के अध्यक्ष, अधिकारीगण, पर्यवेक्षक और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

सेवा में ,

संपादक महोदय

जन - संपर्क विभाग चितरंजन रेलइंजन कारखाना द्वारा जारी

**CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS**

**PRESS RELEASE**

**C L W CELEBRATES 74th REPUBLIC DAY 2023**

Chittaranjan, 27-01-2023:- The 74th Republic Day was celebrated with gaiety and with patriotic fervor in Chittaranjan Locomotive Works (CLW) today, on 26th January,2023. Shri Satish Kumar Kashyup, General Manager / CLW, unfurled the National flag at Oval Ground. Smt. Namita Kashyup, President, CLW- Women's Welfare Organisation (CLW-WWO) graced the occasion.

Members of CLWWWO, Sr.Officers, members of Staff Council, representatives of Press & Media were also present on the occasion. A colorful parade was presented by the RPF Jawans, volunteers of Bharat Scouts and Guides, Civil Defence volunteers and St. John's Ambulance brigade.A Colourful cultural programme was presented by school children & CLW cultural Association, which was appreciated by the gathering. General Manager, in his speech, recalled the efforts of freedom fighters to make India an Independent, Sovereign Republic.

Shri Satish Kumar Kashyup, General Manager lead the fruit distribution among indoor patients in KGHospital joined by Sr. Officers. the National flag was also hoisted in the Arms wing premises of Railway Protection Force followed by a parade by RPF contingent.

To

The News Editor

--------------------

Issued by the Public Relations Deptt.CLW Chittaranjan,

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**चिरेका में हर्ष और उल्लास के साथ मना 74 वें गणतंत्र दिवस**

**भारतीय रेल के विकास में चिरेका का सहयोग महत्वपूर्ण : महाप्रबंधक**

चित्तरंजन,27.01.2023; चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) में 26 जनवरी 2023 को 74 वें गणतंत्र दिवस हर्ष और उल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया।श्री सतीश कुमार कश्यप, महाप्रबंधक/ चिरेका ने मुख्य समारोह स्थल ओवल मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। श्रीमती नमिता कश्यप, अध्यक्षा, चिरेका महिला कल्याण संगठन कि गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस समारोह में चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं,चिरेका के प्रमुख विभागधक्ष,वरीय अधिकारीवृन्द,कर्मचारी एवं कर्मचारी परिषद के सदस्यगण,प्रेस एवं मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।इस अवसर पर उपस्थित आरपीएफ और आरपीएसएफ के जवानों, भारत स्काउट्स एंव गाइड्स के स्वयं सेवकों,नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यगण एवं सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के द्वारा परेड प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक संगठन चिरेका और स्कूली बच्चों के टीम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित सभी ने सहरया।

अपने संदेश में,महाप्रबंधक महोदय ने स्वतंत्रता सेनानियों व देशभक्तों को नमन करते हुए उनके त्याग और बलिदान की चर्चा कि और कहा कि इन देशभक्तों के अटल प्रयासों के फलस्वरुप अपना देश भारत एक स्वतंत्र, संप्रभु गणराज्य बन पाया। गणतंत्र दिवस के महत्वपूर्ण दिन को याद करते हुए कहा कि आज ही के दिन हम एक लोकतांत्रिक गणराज्य बने थे।1950 में हमारे संविधान का कार्यान्वयन नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा और हमारे राष्ट्र की उन्नति में एक महत्वपूर्ण कदम था।

उन्होंने चिरेका के की कई उपलब्धियों पर भी प्रकाश डालते हुए आगे कहा चिरेका के लिए भी आज का दिन विशेष महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दिन से हमने रेलइंजनों के उत्पादन प्रारंभ कर वर्तमान में 73 वर्षों की सफल यात्रा पूरी की है।अब तक चिरेका ने विभिन्न वर्गों के कुल 11602 रेल इंजनों का विनिर्माण किया है। इसके अतिरिक्त हमें आपको बताते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि हमने लगातार रेल इंजन उत्पादन के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर भारतीय रेल को विद्युत रेलइंजन उत्पादन में एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में सहयोग प्रदान किया है और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है।

सांस्कृतिक संगठन चिरेका के सदस्यों ने राष्ट्र गान प्रस्तुत किया। रेलनगरी स्थित कार्यालयों और महत्वपूर्ण भवनों और पार्कों को तिरंगा रंग में आकर्षक रोशनियों से सजाया गया था। इसके पश्चात,कस्तुरबा गाँधी अस्पताल में महाप्रबंधक महोदय द्वारा रोगियों के मध्य फल आदि का वितरण किया गया।

चिरेका के डानकुनि स्थित इकाई एवं रेल सुरक्षा बल के सशस्त्र वाहिनी के स्थल पर भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

सेवा में,

समाचार संपादक जनसंपर्क विभाग,

चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**चिरेका महाप्रबंधक ने किया कारखाना का निरीक्षण**

**महाप्रबंधक ने उत्पादन कार्यों में सुधार के दिए निर्देश**

चित्तरंजन,27.01.2023:- श्री सतीश कुमार कश्यप,महाप्रबंधक/चिरेका ने आज 27 जनवरी 2023 को चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) के विभिन्न शॉपों का परिभ्रमण और निरीक्षण किया।श्री कश्यप ने इलेक्ट्रिक लोको फैब्रिकेशन, बोगी और असेंबली शॉप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारीयों कर्मचारियों,पर्यवेक्षकों से बातचीत की और गुणवत्ता, हाउस कीपिंग आदि में सुधार के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रमुख विभाग के अध्यक्ष, अधिकारीगण, पर्यवेक्षक और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

सेवा में ,

संपादक महोदय

जन - संपर्क विभाग चितरंजन रेलइंजन कारखाना द्वारा जारी

**चितरंजन रेल इंजन कारखाना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**चिरेका में महान कवि जयशंकर प्रसाद की जयंती पालन:**

**अवसर पर काव्य पाठ का आयोजन**

चित्तरंजन,30.01.2023: चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) स्थित महाप्रबंधक सभाकक्ष में श्री सतीश कुमार कश्यप,महाप्रबंधक की अध्यक्षता में महान कवि जयशंकर प्रसाद जी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। आज 30 जनवरी 2023 को आयोजित जयंती कार्यक्रम में उनके चित्र पर महाप्रबंधक महोदय द्वारा माल्यार्पण किया गया।हिंदी साहित्य में छायावाद के संस्थापक,कथाकार नाटककार उपन्यासकार और महाकवि जयशंकर प्रसाद जी के चित्र को उपस्थित सभी ने नमन किया।चिरेका राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से काव्य गोष्ठी सह कविता पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारियों ने महान कवि जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित कविताओं का पाठ किया। इस जयंती समारोह के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्री विजय कुमार साव, काजी नजरूल विश्व विद्यालय के सहायक अध्यापक ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता सह मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री उपेंद्र कुमार पांडेय,प्रधान विभागाध्यक्ष ,विभागाध्यक्ष एवं वरीय अधिकारी तथा राजभाषा विभाग के कर्मचारी और प्रतिभागी गण मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान जयशंकर प्रसाद जी की साहित्यिक जीवनी पर प्रकाश डालते हुए पावर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा पदाधिकारी डॉ मधुसूदन दत्त ने किया।

सेवा में ,

संपादक महोदय

जन - संपर्क विभाग चितरंजन रेलइंजन कारखाना द्वारा जारी

**CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS**

**PRESS RELEASE**

**12th ALL INDIA ARCHERY CHAMPIONSHIP CONCLUDED IN CLW**

Chittaranjan 31.01.2023: The 12th All India Railway Archery Championship, organized by Chittaranjan Locomotive Works Sports Association (CLWSA), concluded today. The tournament, which took place at the Railway Archery Academy from 29th Jan.2023, saw participation from archers from various Zonal Railways, including CLW, and was graced by renowned players, including Arjuna Awardees. Shri Satish Kumar Kashyup, General Manager and Patron of CLWSports Association,Smt.Namita Kashyup, President CLWWWO graced the occasion and gave away the prizes & merit certificates to the winning individuals and teams. In his speech, he appreciated the efforts of the CLW Sports Association for the successful organizing the championship. Shri R.K. Mukherjee, President CLWSA& Principal Chief Medical Officer, Principal Heads of Deptts., and senior officers were present on the occasion.

To

The News Editor

--------------------

Issued by the Public Relations Deptt.CLW Chittaranjan,

## चितरंजन रेलइंजन कारखाना

## प्रेस विज्ञप्ति

## चिरेका में 12वीं अखिल भारतीय रेलवे तीरंदाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता संपन्न

## महाप्रबंधक महोदय ने विजेता तीरंदाजों को किया पुरस्कृत

चितरंजन,31 जनवरी 2023: चितरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) के तीरंदाजी प्रशिक्षण अकादमी में 12वीं अखिल भारतीय रेलवे (महिला पुरुष) तीन दिवसीय (29 जनवरी –31 जनवरी) तीरंदाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता का समापन 31 जनवरी को किया गया। 29 से 31 जनवरी तक जारी इस प्रतियोगिता में विभिन्न रेल जोनों के महिला पुरुष प्रतिभावान तीरंदाजों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले तीरंदाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया।चिरेका खेल कूद संगठन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का समापन आज 31 जनवरी को चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती नमिता कश्यप की गरिमामई उपस्थिति में श्री सतीश कुमार कश्यप, महाप्रबंधक/चिरेका सह संरक्षक,चिरेका खेल कूद संगठन के कर कमलों द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र वितरण के साथ किया गया।इस अवसर पर श्री आर के मुखर्जी, अध्यक्ष,चिरेका खेलकूद संगठन सह प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी,चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी, खिलाड़ीगण और खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सेवा में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.

अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. 0916334008